**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 26-10-2021**

**नैनीताल(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-10-26 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2021-10-27 | 2021-10-28 | 2021-10-29 | 2021-10-30 | 2021-10-31 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 18.0 | 17.0 | 17.0 | 18.0 | 18.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 8.0 | 8.0 | 8.0 | 8.0 | 7.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 45 | 45 | 50 | 55 | 75 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 60 | 65 | 70 | 75 | 80 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 | 6.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 320 | 320 | 330 | 330 | 320 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 17.0 से 18.0 व 7.0 से 8.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 31 अक्टूबर से 6 नवम्बर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| किसान भाई गेहूँ की बुवाई करें। मौसम पूर्वानुमान व मिट्टी में नमी की स्थिति को ध्यान में रखकर ही बुवाई करें।

## लघु संदेश सलाहकार:

आगामी दिनों मे वर्षा की सम्भावना नहीं है अतः किसान भाई मौसम को ध्यान में रखते हुए परिपक्क फसलों की कटाई तथा सब्जियों की तुड़ाई की उचित व्यवस्था करें।

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| फील्ड पी | मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सिंचित दशा में तथा कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में असिंचित दशा में मटर की बुवाई पूर्ण करें। |

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| अरहर (लाल चना/ अरहर) | घाटियों व कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तैयार फसल की कटाई कर लें तथा 2-3 दिन सुखाने के बाद गहाई कर दाने अलग कर लें। मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फलियों में दाना बनने की अवस्था मे हल्की सिंचाई कर लें। |
| गेहूँ | पर्वतीय क्षेत्रों (1700 मीटर से नीचे के) में गेहूॅ की संस्तुत प्रजातियों वीएल 719, वीएल 804, वीएल 802, एचएस 240 तथा एचडी 2380 की समय से बुवाई अक्टूबर के द्वितीय पक्ष में मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर पूर्ण करें। |
| जौ | असिंचित दशा में, कम व मध्यम ऊचाई वाले क्षेत्रों में जौ फसल की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर पूर्ण करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| आलू | घाटी क्षेत्रो में, आलू की फसल में मिट्टी चढ़ाने का कार्य करें। |
| गोभी | बन्दगोभी, फूलगोभी फसलो में गुड़ाई के पश्चात् पलवार का प्रयोग करें ताकि नमी संरक्षण हो सके। |
| पालक | पालक की बुवाई करें। |
| सेब | बागो से सेब, नाशपाती, आड़ू, प्लम इत्यादि फल वृक्षों की गिरी पत्तियों को इकट्ठा करके गढ्ढे मे डाले तथा बीमार एवं रोगग्रसित पत्तियों को जलाकर नष्ट कर दें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | पशुओं को हरा चारा में सूखा चारा अवश्य मिलाकर दें। अन्यथा आफरा (टिम्पेती) हो सकती है व पनीले दस्त हो सकते है, जिसकी वजह से उनकी मृत्यु हो सकती है। |
| गाय | पशुओं को हरा चारा में सूखा चारा अवश्य मिलाकर दें। अन्यथा आफरा (टिम्पेती) हो सकती है व पनीले दस्त हो सकते है, जिसकी वजह से उनकी मृत्यु हो सकती है। |